News Release

BorgWarner

# बॉर्गवार्नर ने डेल्फी टेक्नोलॉजीज़ का अधिग्रहण पूरा किया

- इलेक्ट्रॉनिक्स और पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों, क्षमताओं और पैमाने को मज़बूत किया
- इलेक्ट्रिफाइड प्रॉपल्शन सिस्टम्स गेन मोमेंटम के तौर पर बॉर्गवार्नर शानदार वृद्धि के लिए तैयार
- प्रमुख कम्बशन, कॉमर्शियल व्हीकल और आफ्टरमार्केट बिज़नेस में वृद्धि

**ऑबर्न हिल्स, मिशिगन, 2 अक्टूबर, 2020 –** बॉर्गवार्नर इंक. (NYSE: BWA) ने आज डेल्फी टेक्नोलॉजीज़ का अधिग्रहण पूरा करने की घोषणा की। बॉर्गवार्नर और डेल्फी टेक्नोलॉजीज़ के संयोजन से उम्मीद है कि बॉर्गवार्नर के इलेक्ट्रॉनिक्स और पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों, क्षमताओं और पैमाने को मज़बूती मिलेगी जो इसे इलेक्ट्रिफाइड प्रॉपल्शन सिस्टम्स के क्षेत्र में एक लीडर के रुप में तैयार करेगी। बॉर्गवार्नर को भरोसा है कि वह भविष्य के प्रॉपल्शन माइग्रेशन का लाभ उठाने के लिए बेहतर स्थिति में है।

बॉर्गवार्नर के प्रेसिडेंट और सीईओ फ्रेडरिक लिसाल्डे ने कहा, "डेल्फी टेक्नोलॉजीज़ का अधिग्रहण पूरा कर हमें बेहद खुशी हो रही है । इस जुड़ाव के ज़रिए बॉर्गवार्नर संपूर्ण कम्बशन, हायब्रिड और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के लिए प्रॉपल्शन प्रॉडक्ट और सिस्टम्स के एक इंडस्ट्री अग्रणी विस्तृत पोर्टफॉलियो के साथ और भी बेहतर स्थिति में आ गया है। हम उम्मीद करते हैं कि इस संयोजन से हमारे कॉमर्शियल व्हीकल और आफ्टरमार्केट बिज़नेस को भी मज़बूती मिलेगी। हम डेल्फी टेक्नोलॉजीज़ टीम के सभी सहयोगियों का बॉर्गवार्नर टीम में स्वागत करते हैं और विद्युतीकरण की दिशा में मार्केट ट्रेंड को लेकर जो बड़ी संभावनाएं दिखाई दे रही हैं, हम एक साथ मिलकर उनकी ओर बढ़ने के लिए उत्साहित हैं। महामारी के संकट से लड़ते हुए बिज़नेस को आगे ले जाने और एक बाधारहित एकीकरण के लिए मज़बूत नींव डालने के लिए हमारी एकीकरण नियोजन टीम सहित वैश्विक कार्यबल को लेकर मुझे गर्व है। मुझे पूरा भरोसा है कि हमारे शेयरधारकों, ग्राहकों और सप्लायर्स के लिए इस संयोजन के जो महत्वपूर्ण फायदे हमें दिखेंगे, उन्हें हम साकार करेंगे।"

**दमदार रणनीतिक और वित्तीय फायदे :**

बॉर्गवार्नर और डेल्फी टेक्नोलॉजीज़ को एक साथ लाने से यह उम्मीद है कि :

- **बॉर्गवार्नर के इलेक्ट्रॉनिक्स और पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों, क्षमताओं और पैमाने को मज़बूती मिलेगी जो इसे इलेक्ट्रिफाइड प्रॉपल्शन सिस्टम्स के क्षेत्र में एक लीडर के रुप में तैयार करेगी और बॉर्गवार्नर को भरोसा है कि वह भविष्य के प्रॉपल्शन माइग्रेशन का लाभ उठाने के लिए बेहतर स्थिति में है।** डेल्फी टेक्नोलॉजीज़ एक स्थापित प्रॉडक्शन, सप्लाई और ग्राहकों के समूह के साथ इंडस्ट्री में अग्रणी पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी और प्रतिभा उपलब्ध कराती है। अब संयुक्त कंपनी ग्राहकों को पॉवर इलेक्ट्रॉनिक प्रॉडक्ट्स (हाई वोल्टेज इन्वर्टर्स, कन्वर्टर, ऑन बोर्ड चार्जर्स और बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम्स सहित) और क्षमताओं (सॉफ्टवेयर,

सिस्टम्स इंटीग्रेशन और थर्मल मैनेजमेंट सहित) के एकीकृत समूह और अकेले चल सकने योग्य योजनाएं पेश करेगी।

- **बॉर्गवार्नर के कम्बशन, कॉमर्शियल व्हीकल और आफ्टरमार्केट बिज़नेस में वृद्धि होगी।** डेल्फी टेक्नोलॉजीज़ के विभिन्न प्रकार के कम्बशन प्रॉपल्शन प्रॉडक्ट्स बॉर्गवार्नर के नवाचारी पोर्टफोलियो के लिए पूरक हैं, जो आधुनिक कम्बशन व्हीककल्स की कार्यक्षमता और प्रदर्शन में वृद्धि करने हेतु स्वच्छ टेक्नोल़ॉजी पर केंद्रित है। डेल्फी टेक्नोलॉजीज़ के कॉमर्शियल व्हीकल और आफ्टरमार्केट बिज़नेस को जोड़ने के परिणामस्वरूप संपूर्ण लाइट व्हीकल्स, कॉमर्शियल व्हीकल और आफ्टरमार्केट में ज़्यादा संतुलन स्थापित होगा।

  वैश्विक आफ्टरमार्केट ग्राहकों को बॉर्गवार्नर और डेल्फी टेक्नोलॉजीज़ ओई-क्वॉलिटी आफ्टरमार्केट पार्ट्स, सेवाएँ, डाएग्नोस्टिक टूल्स और जाँच उपकरण के विस्तृत पोर्टफोलियो का लाभ मिलना जारी रहेगा। बॉर्गवार्नर के एक ब्रांड के तौर पर डेल्फी टेक्नोलॉजीज़ आफ्टरमार्केट अपनी ब्रांड पहचान कायम रखेगी और दुनियाभर के ग्राहक सेल्स और कस्टमर सेवा सहायता के लिए उनके भरोसेमंद संपर्कों पर निर्भर रह सकेंगे।

डेल्फी टेक्नोलॉजीज़ के शेयरधारकों की स्वीकृति, आवश्यक नियामक स्वीकृतियों, डेल्फी टेक्नोलॉजीज़ के कर्ज़ से संबंधी कुछ शर्तों की संतोषजनक पूर्ति , और पूरा करने की शर्तों की संतोषजनक पूर्ति या छूट के बाद इस प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के पूरा होते ही डेल्फी टेक्नोलॉजीज़ के सामान्य शेयर का व्यापार न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में बंद हो जाएगा।

## कॉन्फ्रेंस कॉल और प्रेज़ेंटेशन सामग्री

गुरुवार, 8 अक्टूबर, 2020 को सुबह 9.30 बजे (ईटी) अधिग्रहण पर अतिरिक्त विवरण के साथ एक संक्षिप्त कॉन्फ्रेंस कॉल इस लिंक पर वेबकास्ट किया जाएगा: http://www.borgwarner.com/en/Investors/default.aspx। इसके साथ ही अधिग्रहण प्रेजेंटेशन http://www.borgwarner.com/en/Investors/default.aspx इस लिंक पर उपलब्ध रहेगा।

## बॉर्गवार्नर के विषय में

बॉर्गवार्नर इंक. (NYSE: BWA) कम्बशन, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के लिए स्वच्छ और कार्यक्षम टेक्नोलॉजी क्षेत्र में एक वैश्विक प्रॉडक्ट लीडर है। इसके मूल उपकरण विशेषज्ञता को आगे बढ़ाते हुए बॉर्गवार्नर वैश्विक आफ्टरमार्केट के लिए मार्केट के अग्रणी प्रॉडक्ट और सर्विस सॉल्यूशन्स भी लेकर आती है। 24 देशों में 99 जगहों पर मैन्यूफैक्चरिंग और तकनीकी सुविधा के साथ कंपनी दुनियाभर में करीब 48,000 कर्मचारियों को रोज़गार उपलब्ध कराती है। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया borgwarner.com पर जाएँ।

Statements in this news release (this “Release”) may contain forward-looking statements as contemplated by the 1995 Private Securities Litigation Reform Act that are based on management’s current outlook, expectations, estimates and projections. Words such as “anticipates,” “believes,” “continues,” “could,” “designed,” “effect,” “estimates,” “evaluates,” “expects,” “forecasts,” “goal,” “guidance,” “initiative,” “intends,” “may,” “outlook,” “plans,” “potential,” “predicts,” “project,” “pursue,” “seek,” “should,” “target,” “when,” “will,” “would,” and variations of such words and similar expressions are intended to identify such forward-looking statements. Further, all statements, other than statements of historical fact contained or incorporated by reference in this Release that we expect or anticipate will or may occur in the future regarding our financial position, business strategy and measures to implement that strategy, including changes to operations, competitive strengths, goals, expansion and growth of our business and operations, plans, references to future success and other such matters, are forward-looking statements. Accounting estimates, such as those described under the heading “Critical Accounting Policies” in Item 7 of our most recently-filed Annual Report on Form 10-K (“Form 10-K”), are inherently forward-looking. All forward-looking statements are based on assumptions and analyses made by us in light of our experience and our perception of historical trends, current conditions and expected future developments, as well as other factors we believe are appropriate in the circumstances. Forward-looking statements are not guarantees of performance, and the Company’s actual results may differ materially from those expressed, projected or implied in or by the forward-looking statements.

You should not place undue reliance on these forward-looking statements, which speak only as of the date of this Release. Forward-looking statements are subject to risks and uncertainties, many of which are difficult to predict and generally beyond our control, that could cause actual results to differ materially from those expressed, projected or implied in or by the forward-looking statements. These risks and uncertainties, among others, include: failure to realize the expected benefits of the acquisition of Delphi Technologies; failure to promptly and effectively integrate Delphi Technologies’ businesses; the potential for unknown or inestimable liabilities relating to the acquired business; our dependence on automotive and truck production, both of which are highly cyclical; our reliance on major OEM customers; commodities availability and pricing; supply disruptions; fluctuations in interest rates and foreign currency exchange rates; availability of credit; our dependence on key management; our dependence on information systems; the uncertainty of the global economic environment; the outcome of existing or any future legal proceedings, including litigation with respect to various claims; future changes in laws and regulations, including, by way of example, tariffs, in the countries in which we operate; and other risks noted in reports that we file with the Securities and Exchange Commission, including Item 1A, “Risk Factors” in our most recently-filed Form 10-K. We do not undertake any obligation to update or announce publicly any updates to or revisions to any of the forward-looking statements in this presentation to reflect any change in our expectations or any change in events, conditions, circumstances, or assumptions underlying the statements.

**IR contact :**
Patrick Nolan
Phone : +1 248-754-0884
Email : ir@borgwarner.com

**PR contact:**
Anna Penava
Phone: +49 7141 132 753
Email: mediacontact.eu@borgwarner.com